3. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×5=25

(क) भाषा किसे कहते हैं? भाषा के दो रूप कौन-कौन से हैं, उदाहरण देकर समझाइए।

(ख) बोली और उपभाषा में क्या अन्तर है?

(ग) ध्वनि, वर्ण तथा अक्षर के भेदों को स्पष्ट कीजिए।

(घ) जातिवाचक संज्ञा तथा भाववाचक संज्ञा में क्या अन्तर है?

(ङ) स्वर के उच्चारण स्थान के विषय में लिखिए।

(च) निजवाचक 'आप' तथा पुरुषवाचक 'आप' का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(छ) परिणामवाचक विशेषण तथा संख्यावाचक विशेषण में क्या अन्तर है?

(ज) कर्म की दृष्टि से क्रिया के कितने भेद हैं? सोदाहरण लिखिए।

4. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर सविस्तार में दीजिए : 10

(क) भाषा सम्प्रेषण के विविध चरणों का उल्लेख कीजिए।

(ख) समुच्चयबोधक अव्यय के कितने भेद हैं, उदाहरण देकर समझाइए।

★ ★ ★





**2023**

( Held in 2024 )

# HINDI

Paper : HINAEC1012

( हिन्दी भाषा और सम्प्रेषण )

*Full Marks* : 50

*Pass Marks* : 20

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों का सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : 1×5=5

(क) कौन-सी भाषा रोमन लिपि में नहीं लिखी जाती है?

*(i)* अंग्रेजी

*(ii)* जर्मन

*(iii)* अरबी

*(iv)* फ्रेंच

(ख) हिन्दी की देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है?

*(i)* रोमन लिपि

*(ii)* गुरुमुखी लिपि

*(iii)* रूसी लिपि

*(iv)* ब्राह्मी लिपि

(ग) हिन्दी में कुल कितने सर्वनाम हैं?

*(i)* ग्यारह

*(ii)* पंद्रह

*(iii)* सोलह

*(iv)* अठारह

(घ) क्रिया किस प्रकार का शब्द है?

*(i)* अविकारी

*(ii)* सकर्मक

*(iii)* विकारी

*(iv)* अकर्मक





(ङ) भाषा सम्प्रेषण के कितने चरण हैं?

*(i)* दो

*(ii)* तीन

*(iii)* चार

*(iv)* छः

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए : 2×5=10

(क) स्वर और व्यंजन किसे कहते हैं? इनकी संख्या कितनी है?

(ख) भारत को बहुभाषी देश क्यों कहा जाता है?

(ग) अल्पप्राण और महाप्राण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) अभिव्यक्ति किसे कहते हैं?

(ङ) संज्ञा और सर्वनाम में क्या अंतर है, सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(च) संख्यावाचक विशेषण के कितने भेद हैं?

(छ) समुच्चयबोधक अव्यय किसे कहते हैं?